अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2018
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** घड़े में रखा पानी किस विधि के द्वारा ठण्डा हो जाता है? **(1)**

(A) संवहन (B) चालन

(C) क्वथन (D) वाष्पन

**2.** एजूसैट क्या है ? **(1)**

(A) शैक्षिक समिति (B) शैक्षिक उपग्रह

(C) शैक्षिक कार्यक्रम (D) शैक्षिक प्रबन्धन

**3.** पत्ती में पाया जाने वाला रन्ध्र स्थित होता है- **(1)**

(A) ऊपरी सतह पर (B) निचली सतह पर

(C) डण्ठल पर (D) पर्णाधार पर

**4.** दाब अधिक होता है- **(1)**

(A) बैठने पर (B) एक पैर से खड़े होने पर

(C) दो पैर से खड़ा होने पर (D) लेटने पर

**5.** निम्नलिखित में से किसमें कार्बन नहीं पाया जाता है? **(1)**

(A) रोटी (B) चीनी

(C) नमक (D) कोयला

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** रेगिस्तान का जहाज किसे कहते हैं? **(1)**

**7.** जीवाणुओं से प्राप्त होने वाली दो प्रतिजैविक (एन्टीबायोटिक) दवाओं के नाम लिखिए। **(1)**

**8.** आदर्श रक्त दाब कितना होता है एवं रक्त दाब मापक यन्त्र का नाम लिखिए। **(1)**

**9.** ममुष्य की श्रवण क्षमता किस आवृत्ति तक सुग्राह्य है? **(1)**

**10.** किसी गुब्बारे को उसमें वायु से हल्की गैस भरकर छोड़ने पर वह ऊपर उठने लगता है? क्या कारण है? **(1)**

**11.** निकट दृष्टि दोष दूर करने के लिए चश्मे में कौन-सा लेन्स प्रयोग किया जाता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** वन संरक्षक एवं वन्य जीव संरक्षण के दो-दो उपाय लिखिए। **(2)**

**13.** प्रतिध्वनि किसे कहते हैं? **(2)**

**14.** हाइड्रोकार्बन यौगिक क्या है? यह कितने प्रकार का होता है? **(2)**

**15.** मधुमेह के रोगियों को अपनी जीवन शैली में क्या बदलाव करना चाहिए? **(2)**

**16.** ऐसे किन्हीं चार फलों के नाम लिखिए जिनका परिरक्षण किया जाता है और उनके परिरक्षित खाद्य पदार्थों के नाम भी लिखिए। **(2)**

**17.** हरित क्रान्ति से क्या अभिप्राय है? **(2)**

**18.** सामान्य स्वस्थ मनुष्य में रक्त शर्करा की मात्रा भोजन से पहले और भोजन के पश्चात कितनी होनी चाहिए? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/vigyan/2018

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN